तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 17 फरवरी 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

होली पर जमकर उड़े रंग-गुलाल

4



**खबर संक्षेप**

## राज्यपाल का दो दिवसीय जिला प्रवास आज से



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका 17 एवं 18 मार्च को जांजगीर-चांपा जिला प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार महामहिम राज्यपाल रमेन डेका 17 मार्च को दोपहर 2.30 बजे कोरबा से प्रस्थान कर अपरान्ह 4 बजे सर्किट हाउस जांजगीर पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। महामहिम राज्यपाल मंगलवार 18 मार्च को प्रातः 9.25 बजे सर्किट हाउस, जांजगीर से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचेगे। महामहिम राज्यपाल एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। महामहिम राज्यपाल प्रातः 11 बजे केंद्रीय योजनाओं का अवलोकन करने के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात सर्किट हाउस जांजगीर पहुंचकर दोपहर 12 बजे लंच करेंगे। इसके उपरांत वे 12.45 बजे सक्ती जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीईओ ने दिया सरपंचों को प्रभाव दिलाने का आदेश

**मालखरौदा।** नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक कार्यभार नहीं मिला है। ऐसे में पंचायतों में काम आगे नहीं बढ़ पा रहे है। जनपद पंचायत मालखरौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप ने ब्लाक अंतर्गत आने वाले 81 ग्राम पंचायत के समस्त सचिवों को पत्र जारी कर एक सप्ताह के भीतर नवनिर्वाचित सरपंचों को कार्यभार सौंप कर अभिलेखों का संधारण कर समस्त रिकार्ड पंचायत सचिव को अपने पास रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इसकी जानकारी जनपद पंचायत को अवगत कराने को कहा गया है। बता दे जनपद सीईओ द्वारा 10 मार्च को यह आदेश जारी किया गया है । वहीं सरपंचों को कार्य भार मिलने के बाद कामकाज में तेजी आएगी, जिससे कि नए प्रस्ताव गांव के विकास के लिए बनेंगे। साथ ही गर्मी को देखते हुए गांव की जनता के लिए पेयजल पर भी पंचायते विशेष ध्यान देंगे। गर्मी में ग्रामीणों को निस्तरीय एवं पेयजल की समस्या का समाधान किया जा सके।

## जाटा में स्थानापन्न सरपंच चुनाव आज

**बहेराडीह।** बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाटा में नवनिर्वाचित सरपंच की आकस्मिक मृत्यु के बाद सोमवार 17 मार्च को स्थानापन्न सरपंच का चुनाव होगा। सचिवों की हड़ताल पर जाने के कारण बलौदा एसडीएम ने चुनाव की जिम्मेदारी दो करारोपण अधिकारी को सौंपी है। स्थानापन्न सरपंच का कार्यालय मात्र 6 महीने का होगा और इस बीच यहाँ पर उप चुनाव की तिथि घोषित किया जायेगा। गांव के उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 26 फरवरी को गांव के नवनिर्वाचित आदिवासी महिला सरपंच श्रीमती भगवती मरकाम की आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिससे पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत धारा 38,1,क अनुसार पंचायत के ही निर्वाचित महिला आदिवासी पंच को 6 माह के लिए स्थानापन्न सरपंच पंचों द्वारा चुना जाएगा। वहीं 6 माह के भीतर ही इस पंचायत में सरपंच पद के लिए उप चुनाव होगा। इस उप चुनाव में सरपंच पद के लिए आदिवासी महिला उम्मीदवार होंगी। उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव और उनके सहयोगी पंचों ने बताया कि वैसे 6 माह के लिए स्थानापन्न सरपंच का चुनाव निर्विरोध होने की संभावना है। वहीँ दूसरी तरफ ग्राम पंचायत जाटा और आश्रित ग्राम बहेराडीह के ग्रामीणों का स्पष्ट मत है कि 26 फरवरी को विजय आभार जुलूस के बाद नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती भगवती मरकाम के आकस्मिक निधन के बाद दुःखित उनके परिवार के सदस्य को ही निर्विरोध सरपंच बनाये जाने का फैसला लिया गया है। फिलहाल सरपंच के मृत्यु से गांव में शोक की माहौल है।

### किसान हो रहे परेशान, जिम्मेदार कृषि विभाग से नहीं मिल पा रही सलाह

# रबी फसल पर बीमारी का प्रकोप तनाछेदक बरपाने लगा कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रीष्मकालीन धान की फसलों पर बीमारी ने कहर बरपाना शुरु कर दिया है। शुरूआती दौर में ही धान की फसल पर तनाछेदक का प्रकोप होने लगा है। खास बात यह है कि जिम्मेदार कृषि विभाग इसको लेकर किसी प्रकार गंभीर नहीं है और किसान कीटनाशक बेचने वाले विक्रेताओं की सलाह पर दवा छिड़काव कर रहे है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में हसदेव बांगो की धार 1 जनवरी से छोड़ी गई है। इसके बाद जिले के नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा और बलौदा ब्लाक के सिंचित एरिया में किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती की है। तकरीबन महीने दिन की मेहनत के बाद किसानों की फसलों ने गर्मी में भी धरती को हरियाली की चादर से ढंक लिया है। नहर की धार से पानी की कोई कमी नहीं है, लेकिन बीमारी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। शुरूआत में ही फसलों पर तनाछेदक का प्रकोप दिखने लगा है। इससे बचाव के लिए किसान क्षेत्र के कीटनाशक विक्रेताओं की सलाह पर दवाईयों का छिड़काव कर रहे है। बम्नीडीह क्षेत्र के हथनेवरा, पिपरदा, पुछेली, बलौदा क्षेत्र के कोसमंदा, कमरीद, बहेराडीह, अकलतरा क्षेत्र के कापन, मुड़पार सहित अन्य गांवों के खेतों में तनाछेदक का प्रकोप दिख रहा है। खास बात यह है कि जिम्मेदार कृषि विभाग का अमला कही नजर नहीं आ रहा है। किसान क्षेत्र के दवा विक्रेताओं की सलाह पर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करने विवश है।



खेत में दवा का छिड़काव करते किसान।

### 23 हजार हेक्टेयर में लगी ग्रीष्मकालीन धान की फसल

जिले के 23 हजार हेक्टेयर जमीन पर ग्रीष्मकालन धान की फसल लगाई गई। पांच ब्लाक के किसानों को डबल फसल का लाभ भी मिल रहा है। जिससे ना केवल किसानो का समय बेहतर ढंग से निकल रहा है बल्कि उन्हें आर्थिक मुनाफा भी मिल रहा है। जांजगीर जिले के पांच ब्लाक में ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए 1 जनवरी से पानी छोडा गया है, ताकि किसानो को गर्मी के दिनो में डबल फसल लगाने का लाभ मिल सके। मिली जानकारी के अनुसार 23 हजार 500 हेक्टेयर जमीन पर ग्रीष्म कालीन धान की फसल लगाई गई है।

### क्या कहते हैं किसान

ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने वाले किसान संतोष साहू, शत्रुहन पटेल, गजाधर साहू, ईश्वर लाल, पवन कश्यप सहित अन्य किसानों ने बताया कि इन दिनो बडे पैमाने पर धान की फसल लगाई गई है। धान की फसल पर तना छेदक रोग हो गया है, जिसके चलते परेशानी हो रही है। फसल को कीट प्रकोप से बचाने के लिए दवा का छिड़काव भी कर रहे है, लेकिन कोई फायदा नहीं हो रहा है। कृषि विभाग के जानकारों के द्वारा उचित सलाह के अभाव में निजी दवा विक्रेताओं से सलाह लेकर कीटनाशक दवा का छिड़काव खेतों में किया जा रहा है। तनाछेदक का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, इससे फसल के उत्पादन को लेकर चिंता सता रही है।

### दवा का करें छिडकाव

ग्रीष्मकालीन धान की फसल पर इन दिनों तना छेदक रोग होने की जानकारी सामने आ रही है। धान की फसल को रोग से बचाने के लिए किसान 30 से 35 ईसीएम दवा का छिडकाव खेतों में करें।

**-एल एम भगत,**
उपसंचालक
कृषि जांजगीर-चांपा

# पीएचई इंजीनियर की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, सुसाइड नोट बरामद

### नैला चौकी क्षेत्र के नहरिया बाबा मंदिर के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली मनाने आए पीएचई इंजीनियर की रेल्वे ट्रैक में लाश मिली है। वही मौके पर से सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है। घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मामला नैला चौकी क्षेत्र के नहरिया बाबा मंदिर के पास की है।

इस संबंध में नैला पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार 15 मार्च दरमियानी रात की है। जांजगीर निवासी शुभम राठौर कोरबा उम्र 27 वर्ष कोरबा जिले के कटघोरा में पीचई विभाग के अंतर्गत इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। शुभम होली त्यौहार मनाने के लिए अपने शहर जांजगीर आया हुआ था। होली त्यौहार मनाने के बाद शनिवार 15 मार्च को रात के समय खाना खाने के बाद रात 1 बजे के करीब घर से निकल गया। इधर इंजीनियर के काफी देर तक घर नही पहुंचने पर परिजन युवक की पतासाजी में जुट गए। इसके बाद युवा इंजीनियर का शव रविवार 16 मार्च को नैला चौकी क्षेत्र के नहरिया बाबा मंदिर के पास रेल्वे ट्रैक पर मिला है। बताया जा रहा है कि युवक का शरीर दो टुकडो में बंट गया था। वहीं घटना स्थल पर पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड इक्ट्ठी हो गई। वहीं मामले की सूचना रेल्वे एवं पुलिस विभाग के अफसरो को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वही मौके पर से सोसाइड नोट बरामद कर लिया गया है। जिसे हेंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास जांच के लिए भेज दिया गया है। वही मृतक के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनो को सौप दी गई। पुलिस मौके पर से बरामद किए गए सुसाइट नोट को लेकर जांच पडताल में जुट गई है।



रेलवे ट्रेक पर पड़ी लाश एवं इंसेट में मृतक।

### की जा रही जांच

पीएचई इंजीनियर के रेल्वे ट्रैक में लाश मिलने के मामला सामने आया है। मौके पर से सुसाइड नोट बरामद किया गया है। पुलिस मामले को लेकर हर पहलुओ पर जांच कर रही है।

**-प्रवीण द्विवेदी,** थाना प्रभारी
सिटी कोतवाली, जांजगीर

## प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** चांपा पुलिस ने प्राणघातक हमले के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 15 मार्च की रात अजय मिरचंदानी के साथ पैसे के लेनदेन की बात पर कमलेश साहू का झगड़ा हो गया। वहां मौजूद रवि महंत ने बीच बचाव करने की कोशिश की। इस दौरान कमलेश ने बर्फ तोड़ने के सूजा से रवि पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कमलेश साहू पिता माधव प्रसाद साहू को धारा 109, 296, 531 (3) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**

- होली का त्योहार मनाने अपने गांव दर्री आया था युवक

पेण्ड्री एनएच-49 पर एक कार और बाईक की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चालक भी गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल कार चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय धर्मेन्द्र सूर्यवंशी कोरबा जिला के बालको में रहकर होटल में मजदूरी करता था। होली मनाने के लिए वह अपने गांव दर्री आया था। शनिवार 15 मार्च को वह अपनी बहन के ससुराल गया था। वहां से लौटते समय शाम करीब 5:30 बजे पेण्ड्री के पास एनएच-49 पर सामने से तेज रफ्तार से आ रही कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में धर्मेन्द्र बाइक से दूर सड़क किनारे जा गिरा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं घायल कार चालक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

## लूट और हत्या का प्रयास करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** लूट व हत्या का प्रयास करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। लोहारपारा निवासी मनेंद्र विश्वकर्मा 10 मार्च की रात करीब 11:30 बजे अपने घर लौट रहा था। तभी सोनी मोहल्ला के रहने वाले कोमल सोनी, पप्पू उर्फ विजय सोनी और अर्जुन सोनी ने उसे रास्ते में रोका। इसी दौरान आरोपी पप्पू सोनी ने उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद छाया सोनी ने अपने घर से बेसबॉल का बैट लाकर पप्पू सोनी को दे दिया। पप्पू सोनी और कोमल सोनी ने बैट से जानलेवा हमला किया, जिससे मनेन्द्र के सिर में गंभीर चोटें आईं। चांपा पुलिस ने धारा 296, 351(3), 309(4), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 12 मार्च को महिला आरोपी छाया सोनी और अर्जुन सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। वहीं, मुख्य आरोपी कोमल सोनी और पप्पू उर्फ विजय सोनी को 13 मार्च 2025 को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बेसबॉल का बैट और लूटा गया वीवो कंपनी का मोबाइल बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक दिलीप सिंह, प्रकाश राठौर, श्यामा जायसवाल, डीकेश्वर साहू, माखन साहू, मुद्रिका दुबे, सुमंत कंवर का योगदान रहा।

# छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म, छह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

- आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल, पुलिस ने सभी को उड़ीसा से पकड़ा

कक्षा 12वीं की छात्रा का अपहरण कर उड़ीसा ले जाकर दुष्कर्म किया गया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग को घर छोड़ने के बहाने अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार होली की छुट्टी मनाने घर जा रही छात्रा 12 मार्च की शाम बस का इंतजार कर रही थी, तभी आरोपी हुलास साहू अपने पांच साथियों के साथ वहां पहुंचा। पुराने परिचित होने का फायदा उठाकर उसने छात्रा को घर छोड़ने का झांसा दिया और जबरदस्ती अपनी स्कॉर्पियो वाहन क्र सीजी 11 बी क्यू 4258 में बिठा लिया। इसके बाद छात्रा को उड़ीसा के बुडला ले जाया गया, जहां डरा धमकाकर एक पेट्रोल पंप के महिला शौचालय में छात्रा से दुष्कर्म किया गया। किसी को कुछ बताने पर पीड़ति को जान से मारने की धमकी दी गई। वारदात के बाद आरोपियों ने छात्रा को गांव के बाहर छोड़ दिया और फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। टीम ने ओडिशा में दबिश देकर मुख्य आरोपी हुलास साहू और उसके पांच साथियों निलेश साहू, पंकज पटेल, हिमांशु बर्मन और दो नाबालिग को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, धमकी देने सहित पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस घिनौने अपराध का मुख्य आरोपी हुलास साहू पहले पीड़िता का मकान मालिक रह चुका था। उसने अपने साथियों की मदद से इस वारदात को अंजाम दिया है। इस संबंध में डभरा एसडीओपी सुमित गुप्ता का कहना है कि नाबालिग के दुष्कर्म के मुख्य आरोपी समेत उसके पांच साथियों को गिरफ्तार किया गया है,, आरोपियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके इसके लिए पुलिस बारीकी से मामले की जांच कर रही है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर आइसक्रीम देने के बहाने अपने घर ले जाकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। नाबालिक बालिका को आरोपी द्वारा 15 मार्च को बहला फुसलाकर कर आइस्क्रीम देने के बहाने अपने घर ले जाकर दैहिक शोषण किया की सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचा में लिया गया। पुलिस ने आरोपी डेविड जोसेफ उम्र 55 वर्ष निवासी मिशन रोड बरपाली चांपा को उसके निवास में दबिश देकर पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को आइस्क्रीम देने का लालच देकर दैहिक शोषण करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को धारा - 296,351(3) 309 (4)109 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा। इस कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, शील मनी टोप्पो, श्यामा जायसवाल, माखन साहू, मुद्रिका दुबे, पदम राज सिंह, शकुंतला नेताम, संगीता लहरें का योगदान रहा।

### जंक्शन बाक्सों में नहीं लगा कव्हर,गर्मी में लोड बढ़ने से होती है स्पार्किंग

# दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे सड़क किनारे के खुले ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के अधिकांश गली-मोहल्लों में खुले ट्रांसफार्मर खतरों को आमंत्रित कर रहे हैं। इन खुले ट्रांसफार्मरों से विद्युत तरंगित केबल बाहर लटकते रहता है, जिससे हमेशा खतरे की आशंका बनी रहती है। कई चौक-चौराहों में लगे ट्रांसफार्मर से ग्रिप गायब है और आए दिन शार्ट सर्किट के दौरान इसमें से निकलने वाली चिंगारी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है।

जिला मुख्यालय में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या करीब 14 हजार के करीब है। वहीं शहर की बढ़ती आबादी से आवासीय परिसरों की संख्या भी बढ़ी है। इससे पहले से सकरी गलियां और तंग होने लगी है। विद्युत कंपनी ने बिजली व्यवस्था के लिए खंभे लगाकर हाईटेंशन तार का विस्तार किया है, वहीं विद्युत लोड को नियंत्रित करने के लिए चौक-चौराहों तथा सड़क किनारे ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, लेकिन इसके रखरखाव की उचित व्यवस्था नहीं होने के के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। मुख्य मार्ग सहित विभिन्न मोहल्लों में विद्युत तार का विस्तार किया गया है, वहीं कनेक्शनों की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ ही जगह-जगह तारों का मकड़जाल है। कई जगह तार की ऊंचाई भी जमीन से कम है, मगर इसके लिए विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है। शहर के लिंक रोड, शिव मंदिर गली, कलेक्टोरेट रोड, केरा रोड सहित कई अन्य जगहों पर जक्शन बाक्स खुले पड़े है। वहीं गली मोहल्लों या मुख्य मार्गो के किनारे ट्रांसफार्मर से ग्रीप गायब हो गए हैं। हवा चलने के दौरान खुले ग्रीप से चिंगारी निकलती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे स्थानों में गुमटी व खोमचे में दुकानें लगती हैं और यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है।



खुला जक्शन बाक्स।

# पंचायत भवन का ताला तोड़कर दस्तावेजों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

**खास बात**

- त्योहार के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग गश्त पर उठे सवाल

किकिरदा के पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखे जरूरी दस्तावेज एवं फाइल पार कर दिया। इधर चोरों को पकड़ने में पुलिस हवा में हाथ पैर मार रही है। यह ताजा मामला बिर्रा थाना के अंतर्गत ग्राम किकिरदा का है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नवीन जिला सक्ती के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के पंचायत भवन में 14 मार्च दिन शुक्रवार को रात्रि में पुलिस थाना बिर्रा के पेट्रोलिंग टीम की रात्रि गस्त के अभाव में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन किकिरदा का ताला तोड़कर अलमारी में रखें जरूरी कागजात, दस्तावेज एवं फाइल को चुरा कर ले गए। दूसरे दिन 15 मार्च दिन शनिवार को इसकी जानकारी आसपास के लोगों को हुई। पंचायत पदाधिकारी के द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाना बिर्रा में किया गया। लेकिन शिकायत के 3 दिन बीत जाने के बाद भी चोरों को पकड़ने में बिर्रा पुलिस नाकाम साबित हो रही है। कुल मिलाकर बिर्रा पुलिस चोरों को पकड़ने हवा में हाथ पैर मार रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि होली त्यौहार में भी बिर्रा पुलिस के पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा रात्रि गस्त में नहीं पहुंचने के कारण कुछ असामाजिक तत्वों ने चोरी को अंजाम दिया है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं और पुलिस की निष्क्रियता से न सिर्फ चोरों का हौसला बुलंद होते जा रहा है, बल्कि ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर के दो पदों पर भर्ती 10 अप्रैल तक

**कोरबा।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की गई है जिसका भारतीय सेना की बेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन 8वीं एवं 10वीं महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक आवेदक 12 मार्च से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा बताया गया है कि इस बार अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा। जिसकी जून में ऑनलाइन परीक्षा होने की संभावना है।

### डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक 29 को

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधकारिणी समिति जिला खनिज संस्थान न्यास अजीत वसंत की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक 29 मार्च को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को निर्धारित समयावधि में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### सप्तसुरम ट्रस्ट ने महिलाओं को किया सम्मानित

**कोरबा।** सप्तसुरम ट्रस्ट ने महिलाओं को सम्मानित करने समारोह आयोजित किया गया। पाम माल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन थे। महापौर संजू देवी राजपूत, जोगेश लांबा, दिनेश मोदी, गजेन्द्र श्रीवास्तव, गुलशन अरोरा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य व प्रेरणादायी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में डॉ. साधना शर्मा, डॉ.रश्मि नाम्बियार, डॉ.मंजूला साहू, रेहाना फातिमा, खुशी यादव, बलबीर कौर होरा, निशा चंद्रा, मीना सोनी, सरिता पाण्डेय, निशा पाटिल सोनारे, मनीषा अग्रवाल, रोजलीन ग्लेयर, नम्रता बरेठ आदि शामिल थीं।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने भेंट किया वाटर फ्रिज

**कोरबा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने जिला अस्पताल को वाटर फ्रिज भेंट किया है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को अब गर्मी में ठंडे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस वाटर फ्रिज का लोकार्पण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर ने किया। यह वाटर फ्रिज रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य मोहम्मद शफी के सहयोग से प्रदान किया गया है।

### बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना हमारा उद्देश्यः डॉ. गुप्ता

**कोरबा।** आज दिन-प्रतिदिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा में छात्र-छात्राओं के सामने स्वयं को साबित करने की होड़ मची हुई है और वही छात्र सफल होता है जो एक निष्चित समय नियोजन को महत्व देते हुए सतत अपने लक्ष्य की ओर ध्यान केन्द्रित कर प्रयासरत रहता है। पूरे वर्ष परिश्रम करने के बाद समय आता है परिणाम का जो छात्र अपने अध्ययन के प्रति ईमानदार रहता है निष्चत रुप से उसका परिणाम भी उत्कृष्ट आता है। क्योंकि आज के प्रतिस्पर्धी युग में यदि हम उचित मार्गदर्षन और सही समय नियोजन के बिना अंधप्रयास करें तो एक बात तय है कि हम आंशिक रुप से सफल तो जरुर हो जाएंगे पर जिंदगी में चाही गई इच्छाएँ अधूरी रह जाएंगी । प्रत्येक छात्र-छात्राओं के साथ उनकी खुद की इच्छाओं के साथ-ही-साथ परिवार की भी कुछ उम्मीदें होती हैं। यदि समय रहते छात्रों को उचित मार्गदर्शन मिल जाए तो वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में सतत प्रयासरत रहते हैं । और अपनी मंजिल को प्राप्त करते हैं। आई0पी0एस0 दीपका में समय-समय पर विभिन्न मोटिवेशनल स्पीकरों के माध्यम से छात्रों में ऊर्जा भरने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे छात्र-छात्राएँ भली-भाँति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए बिना किसी तनाव के अपनी मंजिल पर ध्यान केंद्रित कर निरंतर प्रयासरत रहें।

#### कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक

# गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराएं : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक के दौरान निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से निश्चित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पूर्व खनिज न्यास मद से स्वीकृत नए स्कूल भवन का निर्माण अप्रैल तक पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि नए सत्र नए विद्यालयों में प्रारंभ हों। इसके साथ ही विद्यालयों में अतिरिक्त भवन निर्माण मरम्मत आदि के कार्य भी निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा दिए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांग विद्यालय भवन, स्कूल, आश्रम छात्रावास, आदि वंचित वर्गों के लिए किए जाने वाले निर्माण कार्यों को ध्यान में गुणवत्ता को ध्यान रखकर प्राथमिकता से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि जिले में खनिज न्यास के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के साथ ही हैंड ओवर करने की भी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की है। कलेक्टर श्री वसंत ने गृह निर्माण मण्डल को निर्देशित किया गया कि कन्वेंशन सेंटर को शीघ्र पूर्ण करके हैंड ओवर करें। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि पीजी कॉलेज , जिला चिकित्सालय, एनसीडीसी सहित शहर से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के निर्माण कार्यों को निश्चित समय सीमा में पूर्ण कर लिए जाए। उन्हांने ईई जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि व्यपवर्तन, जलाशय एवं नहर निर्माण के कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए नगरीय निकाय के क्षेत्रों में जनहित कार्य जैसे सामुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट, पार्क निर्माण आदि के निर्माण कार्य एसडीएम एवं नगरीय निकाय की टीम से चर्चा करके प्रस्तुत करें। ईई आरइएस को निर्देश दिया गया है कि गांव में स्वीकृत नए स्कूल भवनों का निर्माण कार्य अप्रैल तक पूर्ण कर लिए जाएं और निर्माण कार्यों की प्रगति का भी निरीक्षण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सहित ईआरईएस, पीडब्ल्यूडी, सेतु विभाग, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग व नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने की पीएम आवास योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


समीक्षा बैठक के दौरान जिपं सीईओ एवं अन्य।

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सद्भावना भवन में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) और पीएम जनमन के कार्यों की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने ली।

**खास बात**

- प्रधानमंत्री आवास के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

जिपं सीईओ दिनेश कुमार नाग ने आवास निर्माण की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने 2024-25 में स्वीकृत आवासों और 2016-23 में अपूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण कार्यों को गंभीरता से लिया जाए और आवासों को पूर्ण कराया जाए। अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आवास के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। आवास प्लस 2.0 सर्वे छुटे हुए पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई, ताकि सभी जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। आवास निर्माण से जुड़े कार्यों के लिए मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन की स्थिति की समीक्षा की गई तथा 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री नाग ने निर्देश दिया कि जनपद स्तरीय अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की सतत समीक्षा करें और मैदानी अमला नियमित फील्ड विजिट कर लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज करे।

# पिता की स्मृति पर बनवा रहे मुक्तिधाम भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पंचायत में शासन के द्वारा मुक्तिधाम भवन बनाने के लिए स्वीकृत राशि आवंटन किया गया था लेकिन भलपहरी एक ऐसा ग्राम पंचायत है जहां अभी तक मुक्तिधाम भवन नहीं बन पाई है जो कि पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी है जिसे देखते हुए ग्राम के नवयुवा साथियों के मार्गदर्शन में हो रहा पंचायत का विकास कार्य 11 मार्च को ग्राम के राघवेंद्र प्रताप सिंह राठौर ने अपने पिता स्व अमृत लाल राठौर के स्मृति पर अपने स्वयं के खर्च से ग्राम भलपहरी में मुक्तिधाम निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया राहुल राठौर के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी ग्रामवासी ने आभार जताया। भूमिपूजन कार्य में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि एवं उप सरपंच प्रहलाद राठौर, सहित पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# खदान में मजदूर की मौत के बाद भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



**बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे कर्मचारी**

मृतक किशन कुमार यूपी-झारखंड का रहने वाला था और कोल वाशरी की एमपीटी केडीआई कंपनी के मेस में रहता था। जांच में यह भी सामने आया कि खदान में कई अन्य कर्मचारी भी बिना हेलमेट और सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे थे।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में कार्य के दौरान 25 फीट की ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों व ठेका श्रमिकों ने मुआवजा को लेकर मोर्चा खोल दिया। धरना प्रदर्शन को देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने तत्काल आश्रितों को मुआवजा राशि का वितरण किया और उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा बिना सुरक्षा उपकरणों के जोखिम भरे कार्य कराए जाते हैं। यही वजह है कि खदानों में आए दिन हादसे घटित होते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि 11 मार्च को कोल वाशरी के निजी कंपनी में बिना किसी सुरक्षा उपकरण के 26 वर्षीय मजदूर किशन कुमार कोल शिफ्टिंग के ऊपर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इस दौरान वह 25 फीट ऊपर से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद खदान में अफरा-तफरी मच गई। प्रबंधन ने मृतक के शव को मर्चुरी में रखवा दिया था, जिसके बाद परिजन शव लेने पहुंचे और गुस्साए ठेका श्रमिकों के साथ कंपनी की लापरवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ठेका श्रमिकों का आरोप है कि खदान में सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जाता, जिससे आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं। मौके पर मौजूद ठेका श्रमिकों ने बताया कि मृतक किशन कुमार बिना हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट के वेल्डिंग कर रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। यही नहीं, अन्य कई मजदूर भी बिना सुरक्षा उपकरणों के जोखिम भरा काम कर रहे थे, जिससे कंपनी की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। ठेका श्रमिकों का कहना है कि संबंधित विभाग सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है और जब तक किसी की जान नहीं जाती, तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती। आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।

# यात्रियों को मिल रही ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


टिकट बुकिंग कराते यात्री।

**खास बात**

- टिकट के लिए काउंटर की लंबी कतार से छुटकारा

रेल यात्रियों को अब टिकट के लिए लंबी कतार लगने की जरूरत नहीं है। यात्री ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से आसानी से टिकट ले रहे हैं। इसके लिए कोरबा रेलवे स्टेशन में दो मशीन लगाई गई हैं। एटीवीएम व यूटीएस मोबाइल एप से भी डिजिटल व कैशलेस लेनदेन हो रहा है।

डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल एप की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। बिलासपुर मंडल के 19 प्रमुख स्टेशनों पर 39 एटीवीएम स्थापित किया गया है। जिसमें कोरबा स्टेशन में 2 एटीवीएम की सुविधा शामिल है। ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन व यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से अनारक्षित टिकट के कई फायदे हैं।यात्री बिना कतार में लगे जनरल (अनारक्षित) टिकट प्राप्त कर सकते हैं। यात्रियों को क्यूआर कोड और आर-वालेट के माध्यम से टिकट के भुगतान की सुविधा मिल रही है। खास बात यह है कि आर-वालेट से भुगतान करने पर तीन प्रतिशत का अतिरिक्त बोनस भी मिलता है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से भी यात्री घर बैठे किसी भी स्टेशन का टिकट बुक कर सकते हैं और अपनी यात्रा को सुविधाजनक बना सकते हैं।

# ऊर्जा महिला समिति कुसमुंडा ने आयोजित किया काव्य स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कुसमुंडा महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने और उनके विचारों को स्वर देने के उद्देश्य से उर्जा महिला समिति ने श्रद्धा महिला मंडल के मार्गदर्शन में महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय मेरे शब्दों में नारी रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने भावनाओं को कविता के माध्यम से व्यक्त किया। प्रतियोगिता में अल्का अग्रवाल, सुनीता कुमारी, इंदु गुप्ता, रेखा शुक्ला, अनुपम तिवारी शामिल रहीं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए दो निर्णायक मंडल में डॉ. मोनाली केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा की हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्रधानाध्यापिका एवं कामेश्वर पांडेय सेवानिवृत्त एसईसीएल अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया। उनकी कविताओं में नारी के विभिन्न रूपों, संघर्षों, उपलब्धियों और आत्मनिर्भरता को सुंदर शब्दों में पिरोया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेखा शुक्ला, द्वितीय अनुपम तिवारी एवं तृतीय स्थान सुनीता कुमारी रहीं। विजेताओं को निर्णायकों द्वार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयास के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

#### न्यनूतम और अधिकतम तापमान में 21 डिग्री का अंतर

# लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा मौसम का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में तेज धूप की वजह से दिन के तापमान में तेजी से इजाफा दर्ज किया जा रहा है। चूभती धूप लोगों को परेशान करने लगी है। रात का पारा सामान्य होने से थोड़ी राहत है। न्यूनतम तापमान में भी जल्द ही इजाफा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री से दर्ज किया गया।

मौसम में बदलाव के बीच तेज धूप और गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर वपिरित प्रभाव पड़ रहा है। अस्पताल मंप सर्दी, जुकाम, पेट व सिर दर्द की शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं। ऐसे में चिकित्सक लोगों को खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रोजाना ओपीडी 700 से अधिक पहुंच रहे हैं। बच्चों का खास ख्याल रखने को कहा जा रहा है। मौसम विभाग ने न्यनूतम और अधिकतम तापमान में 21.8 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया है। सुबह तेज धूप की वजह से गर्मी और रात का तापमान सामान्य होने से हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। गर्मी और सामान्य तापमान की वजह से स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। जिले का मौसम तेजी से बदल रहा है। सुबह नौ बजे से ही तेजधूप लोगों को चूभने लगी है। फाल्गुन मास के साथ ही मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया था। दिन-ब-दिन तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। तेज धूप की वजह से गर्मी भी तेज पड़ने लगी है। बुधवार को सुबह से ही तापमान 30 डिग्री पर पहुंच गई थी। दिन चढने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सुबह लगभग 10 बजे अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान अधिक होने से वातावरण गर्म हो गया। दोपहर में तेज धूप लोगों को चूभने लगी। लोग धूप से बचने का प्रयास करते रहे। वहीं कई लोगों ने तो छतरी, गमछा सहित अन्य कपड़े का सहारा लेना शुरू कर दिया है। घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और संस्थानों ने पंखा, कूलर और एसी चालू कर लिया है। हालांकि दोपहर बाद तापमान में गिरावट से लोगों को तेज धूप से राहत मिली।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र 62/ब-121/2024-2025
ग्राम सिलादेही तहसील बम्हनीडीह

आवेदक श्री चन्द्रशेखर साहू उम्र 24 वर्ष पिता श्री संतोष कुमार साहू जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती कोमिला पटेल उम्र 25 वर्ष पति श्री चन्द्रशेखर साहू जाति पटेल (मरार) निवासी ग्राम सिलादेही तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

आम जनता ग्राम सिलादेही तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रशेखर साहू उम्र 24 वर्ष पिता श्री संतोष कुमार साहू जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती कोमिला पटेल उम्र 25 वर्ष पति श्री चन्द्रशेखर साहू जाति पटेल (मरार) निवासी ग्राम सिलादेही तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 04.02.2025 को ग्राम सिलादेही तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19.03.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# 'मेट्रो इन दिनों' 4 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** बर्फी और लूडो जैसी फिल्में बनाने वाले अनुराग बसु ऐसे निर्देशक हैं जिनकी फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। दर्शक पिछले कुछ वक्त से अनुराग बसु की आगामी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। पहले फिल्म को 29 नवंबर 2024 को ही रिलीज होना था, लेकिन फिल्म अब तक सिनेमाघरों में नहीं दिखी। फिल्म की स्टार कास्ट की एक संयुक्त फोटो साझा करते हुए लिखा, 'जब प्यार, किस्मत और शहरी जीवन आपस में टकराते हैं तो जादू होना तय है। 'मेट्रो इन दिनों' आपके पसंदीदा शहरों से दिल की कहानियां लेकर आ रही है। इसे अपने नजदीकी सिनेमाघरों में 4 जुलाई से देखें।'

लाइफ Style

# नोरा
## महल में टहलते हुए दिखाईं अदाएं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने डांस नंबर्स के लिए जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। सोशल मीडिया के जरिए वह अपनी लाइफ से जुड़ी अपडेट अपने फैंस को देती हैं। हाल ही में नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम परअपनी खूबसूरत वीडियो शेयर की है।

वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट भी कर रहे हैं। नोरा ने अपनी प्रोफाइल से जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह मरून गाउन पहने नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि गाउ ऑफ शोल्डर है। गाउन पहन कर नोरा फतेही एक महल में टहल रही हैं। गाउन में अपने जलवे दिखा रही हैं और अलग-अलग पोज दे रही हैं। वीडियो में नोरा काफी खूबसूरत लग रही हैं। नोरा फतेही की वीडियो पर कई यूजर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर कमेंट बॉक्स में दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आय हाय ये अदा'। एक और यूजर ने लिखा है 'नोरा का औरा है।' एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया है 'ओ माई गॉड ये तो परी लग रही है।' हाल ही में एक इंटरव्यू में नोरा फतेही ने बताया कि फिल्मों में हिट सॉन्ग करने का फायदा उनको नहीं हुआ। उन्होंने बताया हिट सॉन्ग 'दिलबर' जब रिलीज हुआ तो उन्होंने पाया कि इससे फिल्म का कलेक्शन बढ़ा, सोशल मीडिया के जरिए भी मेकर्स को पैसे मिले। लेकिन इन चीजों से उनको फाइनेंशियली कोई फायदा नहीं हुआ। नोरा ने जो पैसे कमाए वह डांस शो करके, इवेंट्स करके ही कमाए।



## हॉलीवुड मसाला



# ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार

**मुंबई।** अगर आपने सिनेमाघरों में मुफासाः द लायन किंग नहीं देखी है तो आपके लिए एक रोमांचक खबर है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। अब आप अपने घर में आराम से मुफासा की यात्रा का अनुभव कर सकते हैं। यह फिल्म बुधवार, 26 मार्च, को रिलीज होने वाली है। 'मुफासाः द लायन किंग' जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'मुफासा की कहानी का अनुभव करने का समय आ गया है।



# मार्वल में वापसी नहीं करेंगी स्कारलेट ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जॉनसन चाहती हैं कि मार्वल के प्रशंसक इस फैक्ट को स्वीकार करें कि उनका सुपरहीरो किरदार 'ब्लैक विडो' मर चुका है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में क्रॉसओवर और बदलते समय के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा किरदार के मरकर भी दोबारा वापस आने की संभावना हमेशा बनी रहती है, लेकिन स्कारलेट जॉनसन ने कहा कि नताशा रोमानोफ के साथ ऐसा नहीं होगा। नताशा रोमनॉफ उनके 'एवेंजर्स' किरदार का असली नाम है। नताशा को 2019 की 'एवेंजर्सः एंडगेम' में मार दिया गया था और अभिनेत्री ने 2021 की प्रीक्वल फिल्म 'ब्लैक विडो' में मुख्य भूमिका निभाई, जो एमसीयू में उनकी आखिरी उपस्थिति थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को सुपरहीरो को जाने देना चाहिए। नताशा मर चुकी है। वह मर चुकी है। वह मर चुकी है। ठीक है? प्रशंसक बस इस पर विश्वास नहीं करना चाहते।



# दीपिका का ये रूप 'इंटर्न' का फर्स्ट लुक...

**मुंबई।** दीपिका अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'इंटर्न' की हिंदी रीमेक के बारे में चौंकाने वाली जानकारी दे सकती हैं। फिल्म 'इंटर्न' इसी नाम की हॉलीवुड फिल्म की आधिकारिक हिंदी रीमेक है। एनी हैथवे और रॉबर्ट डि नीरो अभिनीत फिल्म 'इंटर्न' की रीमेक पहले ऋषि कपूर के साथ बननी थी, फिर उनके निधन के बाद इसमें अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई। फिल्म 'इंटर्न' की हिंदी रीमेक के लिए निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा को साइन किया गया था। लेकिन, अब वह इसके निर्देशक नहीं हैं। डेंजिल डायस बताते हैं कि फिल्म के निर्देशक और अन्य मसलों पर कंपनी लगातार काम कर रही है और उनकी कंपनी इस फिल्म को लेकर लगातार दीपिका के संपर्क में है और इसे जल्द से जल्द शुरू करने की कोशिश में हैं।



# पुरुष भावनाएं जाहिर नहीं कर पाते...

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से अभिषेक बच्चन अलग तरह की कहानियां और फिल्में चुन रहे हैं। जल्द ही उनकी एक फिल्म 'बी हैप्पी' ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म को लेकर अभिषेक बच्चन काफी उत्साहित हैं। फिल्म में पिता और बेटी के रिश्तों पर बात की गई है। एक पिता अपनी बेटी के लिए क्या नहीं कर सकता है, यही फिल्म की कहानी है। अभिषेक बच्चन बताते हैं कि बच्चों की जिंदगी में पिता का क्या महत्व होता है। साथ ही वह कहते हैं, 'पुरुष आसानी से अपनी भावनाएं जाहिर नहीं कर पाते हैं, यह एक बहुत बड़ी समस्या है।' पिछले दिनों भी एक बातचीत में अभिषेक बच्चन ने बताया था कि फिल्म 'बी हैप्पी' के किरदार शिव को निभाने में बेटी आराध्या का काफी अहम रोल रहा है। वह बताते हैं, 'एक एक्टर के तौर पर अपने रोल से मुझे गहरे तक जुड़ना होता है।

## टीवी मसाला



# बिग बी की पसंदीदा चाट शॉप पर अर्चना पूरन सिंह बनीं माधुरी...

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह मुंबई में सिलेब्रिटीज की पसंदीदा चाट की दुकान पर पहुंचीं। वहां उन्होंने अपने बेटों और पति के साथ चाट खाई साथ ही दुकान पर काफी हंसी-मजाक किया। दुकानदार ने नाम पूछा तो खुद को माधुरी दीक्षित बता दिया। अर्चना पूरन सिंह कपिल के शो में दर्शकों को हंसाती रही हैं। वह यूट्यूब पर अपना व्लॉग भी बनाती हैं। रीसेंट व्लॉग में वह अपने पति और दोनों बेटों के साथ मुंबई की तीन फेमस जगहों पर चाट खाने गईं। वह सबसे पहले अमिताभ बच्चन की पसंदीदा दुकान पर पहुंचीं जहां इंडस्ट्री के कई लोगों की पसंद का पता चला। अर्चना ने मजाक में खुद को माधुरी दीक्षित बताया। दुकान के मालिक से अर्चना बात करने लगीं तो उन्होंने बताया कि इस दुकान से बच्चन फैमिली क्या खाना पसंद करती है। वह बोले, 'गोविंदा की पूरी फैमिली आती है। अमिताभ जी पार्सल मंगवाते हैं, मसाला पूरी खाते हैं वो। जया बच्चनजी सेव पूरी खाती हैं, अभिषेक रगड़ा पेटीस खाता है और ऐश्वर्या दही पूरी खाती है।' उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार भी उनकी चाट खाते हैं। अर्चना जब जाने लगती हैं तो शॉप के ओनर ने उनका नाम पूछा। इस पर अर्चना बोलीं, 'मेरा नाम है माधुरी दीक्षित। अब आप जाकर बोलना कि माधुरी दीक्षित अपने बेटों के साथ आई थी। इस पर ओनर बोलते हैं, 'माधुरी दीक्षित को तो मैं सेवपूरी खिलाकर आया हूं।' अर्चना जब अपनी असली पहचान बताती हैं तो ओनर कपिल शर्मा का नाम लेते हैं। इस पर अर्चना कहती हैं, अगर आप कपिल शर्मा का नाम ले रहे हैं तो आपको पता है कि मैं कौन हूं।

## 'महासंगम' में एक ही छत के नीचे दिखेंगे कई सितारे

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस इस होली पर 'होली महासंगम' प्रोग्राम पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ये खास आयोजन होली को मनाने के लिए आ रहा है। 'होली महासंगम' प्रोग्राम में कई तरह के खेल होंगे। इसे स्टार



प्लस पर गौरव खन्ना होस्ट कर रहे हैं। खूब मस्ती, डांस के साथ यह 'होली महासंगम' दर्शकों के लिए बहुत रोमांचकारी होने वाला है। स्टार प्लस की पूरी टीम और मंच के प्रमुख चेहरे होली के दौरान एक साथ आएंगे। प्रोग्राम में दो टीमें रहेंगी, एक 'इस इश्क का रब्ब रखा' और दूसरी 'गुम है किसी के प्यार'। ये दोनों आपस में भिड़ेंगी। इस शो का प्रोमो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। प्रोमो में देखा जा सकता है कि मेघला और तेजस्विनी हैं। दोनों ने अपने चेहरे को कवर किया है और दोनों ने हाथों में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने हैं। सचिन को पुश अप करते हुए देख जा सकता है। अंजलि तलवार चला रही हैं। सैली सचिन के साथ बात कर रही हैं।

# इसलिए सबसे ज्यादा खूबसूरत औरतों में शामिल हैं ऐश्वर्या...

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय दुनिया की सबसे खूबसूरत औरतों में से एक हैं। उन्होंने साल 1994 में मिस वर्ड का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा था। यहां भी उन्होंने खूब कामयाबी हासिल की है। हाल ही में एक चेहरा पढ़ने वाले टूल ने ऐश्वर्या राय का चेहरा पढ़ा है। इस टूल के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की गई है कि ऐश्वर्या राय इतनी खूबसूरत क्यों हैं। क्वोव्स स्टूडियो ने अपनी एक ताजी पोस्ट में ऐश्वर्या के बारे में लिखा है। एक वायस ओवर ने ऐश्वर्या के बारे में बताया है कि ऐश्वर्या के पास 'खूबसूरत चेहरा' है, इसे बहुत अच्छी तरह से पढ़ा गया है और ये जानने की कोशिश की गई है कि वो कौन सी चीजें हैं जो ऐश्वर्या को इतना खूबसूरत बनाती हैं। स्टडी ने बताया कि ऐश्वर्या की 'धनुषाकार भौहें', 'कम हेयरलाइन', 'भरे हुए होंठ' और 'बड़ी आंखें' हैं। उसकी साइड प्रोफाइल में एक 'सीधा, और सपाट माथा है। इसे जब ध्यान में रखा जाता है, तो वह 'चेहरे की खूबसूरती' को और बढ़ा देता है। चेहरे का औरत जैसा दिखना महिलाओं की सुंदरता की 'आधारशिला' है। ऐसे में ऐश्वर्या का चेहरा सबसे ज्यादा औरत जैसा दिखने वाले चेहरों में से एक है। यही वजह है कि उन्हें इतना सुंदर माना जाता है। इस पोस्ट पर यूजर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि 'वह अभी भी बहुत खूबसूरत हैं।' एक दूसरे फैने ने कहा कि 'ये मशहूर रहेंगी।' एक-दूसरे यूजर ने लिखा कि 'ये महिला वाकई बहुत लुभावनी है।' एक और यूजर ने लिखा है कि 'वह सबसे कामयाब मिस वर्ड हैं। वह लोरियाल का चेहरा हैं और कांस की रानी हैं। उनका करियर शानदार है। ये सिर्फ उनके चेहरी की वजह से नहीं है जो उन्हें खूबसूरत बनाता है, वह काबिल हैं। वह दयालू हैं जो समाज के लिए अच्छा काम करती हैं।'



# इस स्टार के नाम है कई सारे रिकॉर्ड गिनीज बुक में भी नाम दर्ज


**नई दिल्ली।** इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स ने अपने अभिनय की शुरुआत बतौर चाइल्ड स्टार ही कर दी थी। इसमें बॉलीवुड और साउथ सिनेमा दोनों ही स्टार्स शामिल हैं, लेकिन बतौर चाइल्ड स्टार फिल्मों में कदम रखने वाले कुछ ही स्टार्स को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। अब फोटो में यह दिख रहा यह बच्चा साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक में अपनी छाप छोड़ चुका है। यह बच्चा अपने 5 दशक के फिल्मी कॅरियर में अलग-अलग भाषाओं में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुका है। इस एक्टर ने साल 1960 में बतौर चाइल्ड एक्टर साउथ सिनेमा में कदम रखा था और 70 साल का हो रहा ये एक्टर आज भी फिल्मों में लीड हीरो का रोल करता है, लेकिन दो शादी रचाने के बाद भी यह एक्टर आज अकेला है।



***कौन हैं ये साउथ सुपरस्टार?*** : फोटो में दिख रहा यह बच्चा कोई आम बच्चा नहीं, बल्कि साउथ सिनेमा के सुपरस्टार कमल हासन हैं। कमल हासन ने साल 1960 में तमिल फिल्म 'कलथुर कन्नम्मा' से बतौर चाइल्ड एक्टर अपने अभिनय की शुरुआत की थी। बतौर एक्टर कमल हासन ने तमिल फिल्म पोट्टमपुच्ची (1975) की थी और फिल्म एक दूजे के लिए (1981) से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जो कि तेलुगू फिल्म मारो चरित्रा का हिंदी रीमेक है। कमल हासन को फिल्म चाची 420 के लिए भी जाना जाता है, जोकि विदेशी फिल्म मिसेज डाउटफायर का हिंदी रीमेक है। कमल हासन ने फिल्म इंडियन (1996) में काम किया था, जिसने तीन नेशनल अवार्ड जीते थे। कमल ने बतौर डायरेक्टर विरुमांदी (2004) और हे राम (2000) जैसी फिल्में भी की हैं।

### एक्टर की सबसे ज्यादा फिल्में ऑस्कर गईं

कमल हासन 1.5 करोड़ रुपए फीस लेने वाले देश के पहले स्टार हैं। खबरों के मुताबिक, आज वह एक फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपए तक चार्ज करते हैं। कमल हासन दुनिया के पहले ऐसे एक्टर हैं, जिन्होंने अपने हजारों फैन क्लब को 'ऑल इंडिया कमल हासन नरपानी इयक्कम' नाम को एक यूनाइटेड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन में बदला है। कमल हासन इकलौते भारतीय एक्टर हैं, जिनकी सात फिल्में ऑस्कर के लिए गई थीं। यह इंडियन सिनेमा में एक बड़ा रिकॉर्ड माना जाता है। ऑस्कर जाने वाली फिल्मों में सागर, स्वाति मुत्यम, हे राम, इंडियन, नायकन, कुरुथीपुनाल और थेवर मागन शामिल हैं। कमल हासन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी है।



## कश्मीर की कली गाने की शूटिंग के लिए गए थे शालीमार और निशात गार्डन

# इतनी शर्म आती है तो बुर्का पहन घर बैठो, एक्ट्रेस से बोले थे शम्मी कपूर

*चाहे कोई मुझे जंगली कहे ये गाना तो जरूर सुना ही होगा। ये है साल 1961 में आई फिल्म जंगली का. जिसमें शम्मी कपूर नजर आए थे। उनके साथ थीं सायरा बानो. ये उनकी पहली फिल्म थी और उन्हें पहली ही फिल्म से लोगों का प्यार मिल गया। लेकिन, एक किस्सा इस फिल्म का बड़ा चर्चित है। जब शम्मी कपूर सायरा बानो पर भड़क उठे थे। उन्होंने डांटते हुए ये तक कह दिया था कि इतनी शर्म-वर्म आती है तो बुर्का पहनकर घर बैठो। ये किस्सा एक बार खुद सायरा बानो ने ही सुनाया था, चलिए बताते हैं।*

**नई दिल्ली।** सायरा बानो ने साल 2023 में जंगली फिल्म का किस्सा सुनाया था। उन्होंने शूट से लेकर शम्मी कपूर के कामकाज तक सब पर बात की थी। ये पहला मौका था जब सायरा बानो फिल्मों में कदम रख रही थी। उनका दिल भी जोर से धक धक कर रहा था। चारों तरफ भीड़ और बड़े बड़े लोगों को देख वह थोड़ी नर्वस भी थी। तब सायरा की उम्र भी करीब 16 साल की रही होगी।

***हजारों की थी भीड़ :*** सायरा बानो ने बताया था कि वह जंगली की शूटिंग के लिए कश्मीर गए थे। जो एकदम जन्नत जगह थी। वह सब कश्मीर की कली गाने की शूटिंग के लिए शालीमार और निशात गार्डन गए थे। वहां हजारों की भीड़ में टूरिस्ट भी थे। बहुत सारे तो विदेशी पर्यटक भी थे जो गार्डन के आसपास फोटोग्राफी के लिए घूम रहे थे। इतना क्राउड देखकर वह थोड़ा नर्वस हो गईं।

### सायरा बानो की मां ने एक्टिंग से रोका

सायरा बानो ने बताया था कि एक सीन था जहां शम्मी जी को उनपर गुस्सा होना होता है। वह अपने जूते उठाते हैं और गाना गाते हैं। मगर वह ठीक से उस सीन को कर नहीं पातीं। देखते ही देखते वह रोने लगती हैं। तभी उनकी मां आती हैं और उन्हें चुप करवाने लगती हैं। वह बेटी से कहती हैं, 'बेटी मैंने हमेशा तुमको मना किया। बहुत कोशिश की कि तुमसे एक्टिंग नहीं हैं। तुमने अभी अभी ये शूटिंग शुरू की है। कोई दिक्कत नहीं होगी। चलो घर चलते हैं।'



### शम्मी कपूर ने डांटा

तभी शम्मी कपूर ने सायरा बानो के अप्पाजी को आंख मारी और एक्ट्रेस को डांटना शुरू किया। उन्होंने कहा, 'ये क्या है। अगर तुम्हें शर्म आ रही है। या इस तरह टूटना है तो तुम घर पर बुर्का पहनकर रहो।' अब शम्मी कपूर की डांट सुनकर वह और तेज रोने लगती हैं। गुस्से में उन्हें पलटकर कहा कि अब तो वह ये सीन करके ही दिखाएंगी।

### ऐसे सिखाया समझाया

*इस तरह सायरा बानो ने बताया था कि कैसे शम्मी कपूर उन्हें हिम्मत दी। कैसे काम करना सिखाया। उनका ये पहला मौका था, लेकिन शम्मी कपूर ने उन्हें बहुत सहज महसूस करवाया और वह अच्छी तरह से काम कर पाई। यही नतीजा था कि आखिर में फिल्म हिट हुई थी।*

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत सारागांव में प्रथम सम्मेलन व शपथ समारोह आयोजित



**देवरी-सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में 10 मार्च को प्रथम सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अधिकारी एवं चांपा एसडीएम सुमित बघेल की उपस्थिति में नवनिर्वाचित पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें कांग्रेस से वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद दिलेश्वर राठौर और भाजपा से कैलाश केशवानी ने नामांकन दाखिल किया। मतदान के उपरांत शाम 5 बजे परिणाम घोषित किए गए, जिसमें दिलेश्वर राठौर को 13 मत और कैलाश केशवानी को 3 मत प्राप्त हुए। इस तरह कांग्रेस के दिलेश्वर राठौर ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। विजयी उम्मीदवार दिलेश्वर राठौर को एसडीएम सुमित बघेल ने प्रमाण पत्र प्रदान किया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई दी। उन्होंने सभी को नगर के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का निर्देश भी दिया। उपाध्यक्ष निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सारागांव थाना प्रभारी सावन सारथी के निर्देशानुसार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस निर्वाचन प्रक्रिया में सारागांव तहसीलदार अमरनाथ श्याम, सीएमओ रामनारायण यादव, उप अभियंता पूजा सर्वा, नगर पंचायत लेखाधिकारी दीपचंद देवांगन, सौरभ शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरु



**बिर्रा।** दाऊमुहल्ला स्थित कश्यप निवास में 13 मार्च को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारम्भ हुआ। कथा स्थल से कीर्तन मण्डली के गायन वादन करते हुए यजमान देवचंद कश्यप श्रीमती लक्ष्मीन सहित 300 महिलाएं एवं युवतियां ने सिर पर कलश धारण करके शोभायात्रा निकली। कथावाचक पं देवकृष्ण शर्मा बग्गी पर सवार थे। कलश यात्रा मुख्य मार्ग से बसस्टैण्ड भाटापारा मां कंकालीन दाई से होते हुए मां चण्डी मंदिर में पानी भरकर पुनः कलशयात्रा कथास्थल पहुंची। कलशयात्रा में सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू जनपद सदस्य रितेश रमणसिंह सिंह चित्रभानु पाड़ेय जितेंद्र तिवारी राजेन्द्र कश्यप राजकमल कर्ष सुरेश कर्ष राजू कश्यप कुलदीप कश्यप नंदलाल श्रीवास मनहरण लखनलाल निलाम्बर सिंह अभिराम कश्यप रामकृष्ण कश्यप उमेश कश्यप अमित विक्रम सिंह पुनीराम कश्यप माखन तिलक रामकरण कश्यप कोमल कश्यप राजेश नंदकश्यप गौतम राजू कर्ष हिमांशु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

### आरसेटी पहुंचे एसडीएम ने किया पौध रोपण



**बहेराडीह।** एसबीआई द्वारा संचालित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी जर्वे में जांजगीर एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने पौध रोपण किया और मशरूम उत्पादन का ले रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल बेरोजगार महिलाओं से चर्चा किया।इस दौरान संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू समेत फैकेल्टी उत्तम कुमार राठौर,योगेश कुमार यादव, किशन रजक,जगदलपुर से पहुंचे मास्टर ट्रेनर, असेसर भुवनेश्वर मांझी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## निधन

### बद्री प्रसाद शर्मा



**चांपा।** स्थानीय शंकर नगर सिंचाई कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बद्री प्रसाद शर्मा का शुक्रवार 14 मार्च को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। स्व. शर्मा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार दोपहर मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र तोष शर्मा ने दी।

### कमल नारायण साहू



**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के प्रतिष्ठित नागरिक कमल नारायण साहू का बुधवार 12 मार्च को 42 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे बीजापुर जिले में पुलिस आरक्षक के पद पर तैनात थे। वे अपने पीछे दो पुत्री खुशी एवं भूमि और पुत्र युधिष्ठिर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के स्थानीय मुक्तिधाम महानदी तट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में ग्राम के स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। वे दिलहरण साहू के सुपुत्र थे।

### नगाड़ों की थाप पर झूमते रहे लोग, सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

# होली पर जमकर उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंचल में रंगो का त्यौहार होली सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर युवाओं, महिलाओं के साथ बच्चों ने जमकर होली खेली। दूसरी ओर शासन द्वारा त्यौहार के मद्देनजर मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लगाया था जिसके कारण पहले दिन देशी-विदेशी शराब दुकानों में लोगों की भारी भीड़ रही। इधर शांति व्यवस्था बनाए रखने इस बार चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। होलिका दहन के दिन से ही सभी थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करती रही। इस बार बाजार में हर्बल गुलाल के साथ चायनिज पिचकारी व रंग-गुलाल गायब की मांग खासी रही। वहीं होली के अवसर पर मुर्गे, बकरे और मछली की भी खूब बिक्री हुई।

रंग उमंग का पर्व होली शुक्रवार 14 मार्च को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके पूर्व 13 मार्च की रात्रि फाग गीतों व नगाड़ों के मदमस्त थापों के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक होलिका दहन किया गया तथा सुबह होते ही एक-दूसरे को रंग लगाकर सारे भेद-भाव मिटाने गले मिलने की प्रक्रिया शुरु हो गई। नगर सहित जिले के चौक-चौराहों में खुशी का माहौल रहा, रंग-गुलाल उड़ाते रहे बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाओं सभी ने सद्भावना पूर्ण ढंग से होली खेली। इधर इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा मुर्गे, मटन व मछली की खूब बिक्री हुई। होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने इस बार चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। थी। पुलिस प्रशासन द्वारा 56 फिक्स पाइंट भी बनाए गए थे, जहां पर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी तैनात है, जो निरंतर पेट्रोलिंग करते रहे।



जिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार के निवास स्थान में नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते लोग।

### समूह की महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों के साथ मनाई होली



**तुस्मा।** नवागढ़ विकास खण्ड अतंर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा में बिहान समूह की महिलाओं ने रंगों का महापर्व पर्व होली शांति एवं सौहाद्र पूर्ण से जनप्रतिनिधियों के साथ मनाई है। बिहान समूह की महिलाओं ने सभी जनप्रतिनिधियों को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दिया। सबसे खास बात यह है कि इस बार गांव के सर्वांगीण विकास में बिहान समूह की महिलाओं का भरपूर सहयोग रहेगा। ग्राम सरपंच सुष्मिता तरुण साहू ने ग्राम के सभी जनता को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विकास कार्य को सभी जनप्रतिनिधियों की मदद से पूर्ण करेंगे गांव के लिए जो भी चीजों की आवश्यकता है उसे पूर्ण करेंगे। साथ ही सरपंच ने इस बात का भी जिक्र करते हुए कहा कि सभी पंचों एवं उपसरपंच गोपी साहू के सहयोग से गांव में सीसीटीवी लगाने का जो सपना था उसे सभी की सहयोग से पूरा कर लिया गया है। इस बीच जिला पंचायत सदस्य नेहा रामचरण साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू,सरपंच सुष्मिता तरुण साहू,एवं पंच गढ़, बिहान समूह की अध्यक्ष बिंदेश्वरी कुम्हार,उमा साहू,राधिका चौहान बुधवारा बाई,निर्मला कठौतिया,रामकुमारी चौहान मौजूद रही।

### सारागांव और ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास से मनी होली



**देवरी सारागांव।** रंगों का महापर्व होली 14 मार्च को नगर पंचायत सारागांव सहित ग्रामीण अंचल के देवरी, अमरुवा, कुम्हारीकला, कड़ारी, बघौदा, कुम्हारीखुर्द, हनुमंता, लछनपुर, सोनियापाठ, पचोरी, चोरिया, झरना, कचन्दा, भुरकाडीह, खम्हिया, मौहाडीह, गिधौरी समेत सभी गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन पर्व पर सभी वर्गों के महिला, पुरुष और बच्चों ने मिलकर खूब होली खेली और आनंद लिया। होली के एक दिन पूर्व परंपरागत रूप से गांवों और कस्बों में होलिका दहन किया गया। लोगों ने विधिवत पूजन कर अग्नि में नारियल, गेहूं की बालियां और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। होलिका दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश गूंज उठा। इसके बाद सुबह से ही गांवों में होली की धूम मच गई। लोग रंग, गुलाल लेकर निकल पड़े और एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते हुए गले मिलकर शुभकामनाएं देने लगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति भी देखने को मिली। घर-घर में ठेठरी, खुरमी, गुजिया, अइरसा, बड़ा और अन्य स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। वहीं, गांवों में ढोल, नगाड़े और डीजे की धुन पर फाग गीतों की धूम रही। युवाओं और बच्चों ने टोली बनाकर नाचते-गाते हुए पूरे माहौल को रंगीन बना दिया। ग्रामीणों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली खेली और खुशियों का आदान-प्रदान किया।

### वार्ड क्रमांक 17 में मनाया गया होली मिलन समारोह



**सक्ती।** नगर के वार्ड क्रमांक 17 में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश के निवास पर होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें समस्त मोहल्ले वासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे का परिचय दिया एवं नन्हे नन्हे मुन्ने बच्चों ने डांस प्रतियोगिता रखी गई। प्रोत्साहन के रूप में ईनाम दी गई एवं सभी को स्वल्पाहार कराया। एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। इसी प्रकार से यह पर्व बुराई पर सच्चाई की पर्व है। सभी को अपने अन्दर छुपी बुराइयों को नष्ट कर एक दूसरे से भाईचारे का प्रेम करे। होली त्यौहार महज रंगो का पर्व ही नही वरन प्रेम, सौहाद्र, और भाईचारे की अनूठी मिसाल है। इस रंग बिरंगे पर्व को हर धर्म और समुदाय के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते है। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप दुर्गेश राठौर , पांडे जी , राकेश राठौर, कुशेश्वर नारायण,बिजय, राम नरेश यादव, रेखा यादव, राधिका पाडे,वरुण, सीमा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ब्लॉक मुख्यालय से लेकर गांव-गांव में मनी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ब्लॉक मुख्यालय से लेकर गांव गांव में होली का पर्व 14 मार्च को धूमधाम से मनाया गया जहां रात में गांव में होलिका दहन किया गया। पूजा उपरांत उसके बाद सुबह 6 बजे से ही लोग एक दूसरे के रंग

- **नगाड़ा बजाकर गाया फाग गीत, घरों में बने लजीज पकवान**

गुलाल लगाकर होली खेलते देखे गए साथ ही गले लगा कर एक दूसरे को बधाई देते रहे तो गांव गांव में ग्रामीण एवं समर्थक अपने सरपंच को रंग गुलाल लगाने उनके घरों तक पहुंचे थे, जिन्हें सरपंचों ने भी गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी।

साथ ही कई जगह घर पहुंचने वालों को लजीज पकवान छत्तीसगढ़ी व्यंजन बड़ा सुहारी भजिया आलू गुंडा सलोनी भी परोसा गया। मालखरौदा ब्लॉक मुख्यालय में जहां गांव के सरपंच सावित्री रंजीत अजगल्ले अपने घर में पहुंचने वाले ग्रामीण तथा समर्थकों के साथ नगाड़ा बजाकर फाग गीत गाकर सभी के साथ होली का आनंद लिया। और सभी को रंग गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह ने भी अपने समर्थकों ग्रामीणों के साथ जमकर अपने घर में होली खेले सभी को रंगलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। साथ ही भाईचारे के साथ यह त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने का संदेश दिया। इसके अलावा बिरभाठा में युवा वर्ग के अलावा नौकरी पेसा जो दूर दराज में रहते हैं अपने परिवार के साथ होली खेलने गांव में पहुंचे थे जहां अपने दोस्तों के साथ खूब उत्साह के साथ होली के अवसर पर नगाड़ा बजाकर फाग गीत गाते होली खेलते रहे तो ब्लॉक मुख्यालय से दूर के ग्राम दूर के ग्राम मंदरागोड़ी, गोरखापाली, पोता, अमनदुला, डिक्सी, दर्राभाठा, मोहन्दी कला, कलमी, बुंदेली, बंदोरा, सकर्रा, सुलोनी, कटारी, सोनादुला,औरदा लिमगांव, नवरंगपुर, रनपोता, देवगांव, छपोरा में भी ग्रामीणों छोटे बच्चों महिलाओं ने खूब जमकर होली खेली।



होली मनाते लोग।

### चौक चौराहों पर मांदर व नगाड़े की थाप पर झूमते रहे युवा



**जैजैपुर।** सामाजिक समरसता के प्रतीक रंगो का पर्व होली ग्राम ठठारी में बड़े ही उल्लास व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हालाकि होली का त्यौहार हुड़दंग के त्यौहार के रूप में जाना जाता है मगर इस साल हुड़दंग की जगह गांव के सभी लोग एक दूसरे से रंग गुलाल लगाते नजर आये। साथ ही गांव के चौक चौराहे पर मांदर व नगाड़े तथा डीजे पर गांव के युवा व बजुर्ग संगीत में झूमते नाचते नजर आ रहे थे । गांव के सब बच्चे बुजुर्ग महिलायें व सभी वर्ग के लोग रंगों में सरोबर दिखाई दे रहे थे। साथ ही एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। कहते है कि यह त्यौहार महज रंगो का पर्व ही नही वरन प्रेम, सौहाद्र, और भाईचारे की अनूठी मिसाल है, जिसका प्रतिकात्मक महत्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत और विश्वास की शक्ति का याद दिलाता है, जिस वजह से आज इस रंग बिरंगे पर्व को हर धर्म और समुदाय के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते है। पर्व को लेकर गांव के ही आश्रित मोहल्ला केरहाचाकर, सोनसरी, धनुहारपारा रामभांठा, भांठापारा, अकलसरा मोड़ ठूठी, दर्राभांठा जैसे गांवों में भी होली त्यौहार को लेकर लोगो में खासा उत्साह रहा ।

## दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

समावेशी शिक्षा अतंर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का वातावरण निर्माण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी

- **विकास खण्ड स्तरीय शिक्षा दो दिवसीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न**

प्रशिक्षण हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रत्नमाला सिंह, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वाति राठौर तथा विकास खण्ड समन्वयक शैलेन्द्र सिंह बैस द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समाज में उपेक्षा का शिकार न हो इसलिए प्रशिक्षार्थी प्राप्त प्रशिक्षण से बच्चों को लाभान्वित करने का प्रयास करेंगे। विकास खण्ड समन्वयक ने कार्यक्रम के उद्देश्य विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त दिव्यांग बच्चों को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए उन बच्चों को किसी भी तरह से उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए उन्हें भी सामान्य बच्चों की तरह मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता है और सभी संस्था प्रमुखों की महती जिम्मेदारी भी है। प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत बच्चों को विद्यालय में प्रवेश तथा विद्यालय में ठहराव के लिए प्रयासों के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी 130 शिक्षकों को ए टू जेड एवं नाम का फिंगर स्पेलिंग सिखाया गया। मास्टर ट्रेनर्स अंजना घोष तथा स्पेशल एजुकेटर रामकली शांते के द्वारा दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकित कर निर्धारित फॉर्म में समय सीमा में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि बच्चों को समय पर स्कॉलरशिप मिल सके साथ ही साथ शासन से प्राप्त सामग्रियों से लाभान्वित हो सकें। शासन से मिलने वाली सभी सुविधाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आभार प्रदर्शन शैलेंद्र सिंह बैस द्वारा किया गया।



प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी एवं शिक्षक।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम नगर पालिका के मुख्य द्वार पर मुख्य नगर

- **कुलदेवी मां समलेश्वरी की पूजा-अर्चना से की शुरुआत**

पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर सहित नपा स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव एवं उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर ने चांपा नगर की कुलदेवी मां समलेश्वरी की पूजा-अर्चना कर नगर के सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित द्वारा विधि-विधान से पूजा सम्पन्न कराई गई। इसके बाद अनाज से तौलकर तुलादान की परंपरा भी निभाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, महिला मोर्चा, विद्यार्थी परिषद, युवा मोर्चा, जिला भाजपा नेता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नगर के विकास और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने पदभार ग्रहण करने के बाद नगर के विकास और स्वच्छता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।



पूजा-अर्चना करते पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव।

## शबरी मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद में 13 मार्च फाल्गुन पूर्णिमा होली के अवसर पर देश मे एक मात्र प्राचीन शबरी मन्दिर परिसर में महिला कीर्तन मण्डली द्वारा पूर्णमासी भजन कीर्तन एवं उत्साह पूर्ण होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन कीर्तन के बाद नव निर्वाचित महिला पार्षद नीलम यादव ने सभी को गुलाल लगाया। ततपश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने आनन्दोल्लास के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाए। इस अवसर पर धनसाय यादव ने कहा कि होली को द्वेषभाव भूलकर सबसे प्रेम और भाईचारे से मिलना चाहिए। हेमलाल यादव ने बताया कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। यह पर्व भाईचारा पारस्परिक स्नेह और सद्भावना का पर्व है। कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम के संयोजक एवं आध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि यादव ने कहा कि सभी माताओं को होली पर्व से यह शिक्षा ग्रहण करना चाहिए कि माताएं अपने बच्चे को गर्भ से ही संस्कार दे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस यज्ञ समिति के अध्यक्ष अरविंद तिवरी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में चन्द्रप्रभा यादव,पूनी बाई, गौरी यादव छोटी देवांगन द्वास बाई, कमला आदित्य, सुमित्रा आदित्य,कौशिल्या उत्तरा बाई नोनिया,भूरी आदित्य त्रिवेणी आदित्य लच्छमीन मनटोरा गुरुवारी श्याम बाई यादव, कांति नोनिया सुमित्रा अमरीका साहू कृष्णा सुख बाई, कीर्तनमती अम्बिका सविता रात्रे दुलौरीन मदालसा कृष्णा बाई अमरीका कुर्रे तारा यादव सोनकुवर वृंदा ललीता थवाईत शान्ति श्रीवास उर्मिला त्रिवेणी फगनी बाई आदित्य जीवनबाई सोनी केवरा यादव छठबाई सन्तोषी चमेली फगनी नोनिया रामेश्वरी श्रीवास उपस्थित थी।



उपस्थित महिलाएं।

